# मानकादेई सचिव ने खरीदी में बदल डाले तकनीकी मापदंड

## सीसी रोड के साथ साथ शेड निर्माण की प्रोफाइल सीट खरीदी में भी किया घोटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया, बाबा ठाकुर

जनपद पंचायत तामिया के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मानका देई इन दिनों कथित भ्रष्टाचार और निर्माण कार्यों में भारी अनियमितताओं को लेकर सुर्खियों में है। पांचवें वित्त आयोग की राशि से कराए जा रहे निर्माण कार्यों में तकनीकी मापदंडों की अनदेखी कर मनमाने तरीके से भुगतान निकालने और सरकारी राशि के दुरुपयोग के गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो पंचायत स्तर से लेकर तकनीकी अमले तक की भूमिका उजागर हो सकती है।



### प्रोफाइल शीट खरीदी में बड़ा खेल!

सबसे गंभीर आरोप शेड निर्माण में खरीदी गई प्रोफाइल शीट को लेकर लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक शेड निर्माण के एस्टीमेट में प्रोफाइल शीट की गुणवत्ता, गेज और माप स्पष्ट रूप से निर्धारित होना चाहिए था, लेकिन वास्तविक खरीदी में इन मापदंडों को पूरी तरह बदल दिया गया।आरोप है कि सचिव ने निर्धारित गेज की प्रोफाइल शीट खरीदने के बजाय उसे किलो के हिसाब से खरीदा और इसी प्रक्रिया में भारी फर्जीवाड़ा किया गया। लगभग एक लाख रुपये की प्रोफाइल शीट खरीदी में जिस प्रकार अनियमितता की बात सामने आ रही है, उसे क्षेत्र का अनोखा मामला बताया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि प्रोफाइल शीट की खरीदी एस्टीमेट के अनुरूप नहीं की गई और न ही खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती गई।

### सीसी रोड निर्माण में बदले गए तकनीकी मापदंड

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत में पांचवें वित्त आयोग की राशि से बनाई जा रही सीसी रोड के निर्माण में निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया गया। आरोप है कि सड़क निर्माण में जहां एस्टीमेट के अनुसार 20 एमएम गिट्टी का उपयोग किया जाना था, वहीं निर्माण एजेंसी द्वारा 40 एमएम गिट्टी का इस्तेमाल किया गया।निर्माण कार्य से जुड़े जानकारों का मानना है कि सीसी रोड निर्माण में निर्धारित आकार की गिट्टी का उपयोग गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक होता है। लेकिन यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह स्पष्ट रूप से तकनीकी स्वीकृति के विपरीत कार्य माना जाएगा। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव ने तकनीकी मापदंडों में बदलाव कर भ्रष्टाचार का नया रिकॉर्ड स्थापित कर दिया है।

### अनावश्यक शेड निर्माण पर भी उठे सवाल

ग्राम पंचायत में फर्श एवं शेड निर्माण कार्य को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित निर्माण कार्य जनहित की आवश्यकता के बजाय केवल राशि आहरण का माध्यम बन गया है। निर्माण की उपयोगिता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ग्रामसभा का प्रस्ताव, निर्माण कार्य का उद्देश्य, तकनीकी स्वीकृति तथा स्वीकृत एस्टीमेट की जांच की जाए तो पूरे मामले की वास्तविकता सामने आ सकती है। उनका आरोप है कि इस कथित फर्जीवाड़े में पंचायत सचिव के साथ संबंधित उपयंत्री एवं सहायक यंत्री की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

### बिल में नहीं दर्ज गेज और मात्रा

प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रोफाइल शीट खरीदी के बिल में कई महत्वपूर्ण जानकारियों का उल्लेख ही नहीं किया गया है। बिल में न तो यह स्पष्ट है कि प्रोफाइल शीट कितने गेज की खरीदी गई, न उसका कुल वजन दर्शाया गया है और न ही खरीदी गई मात्रा का स्पष्ट विवरण उपलब्ध है।विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी निर्माण सामग्री की खरीदी में उसकी गुणवत्ता, मात्रा और विनिर्देशों का उल्लेख अनिवार्य होता है। यदि बिलों में यह जानकारी नहीं है तो यह जांच का विषय बन सकता है।

### वर्क कोड की लिखावट पर भी सवाल

ग्रामीणों ने बिल में अंकित वर्क कोड को लेकर भी गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि बिल में दर्ज वर्क कोड दुकानदार की हस्तलिपि से मेल खाता दिखाई दे रहा है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि कहीं पंचायत की डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) का दुरुपयोग तो नहीं किया गया।ग्रामीणों ने मांग की है कि यह जांच भी कराई जाए कि पंचायत की डीएससी कहीं दुकानदार अथवा अन्य व्यक्तियों को तो उपलब्ध नहीं कराई गई थी। यदि ऐसा पाया जाता है तो यह मामला केवल वित्तीय अनियमितता तक सीमित न रहकर गंभीर प्रशासनिक लापरवाही और आपराधिक कृत्य का रूप ले सकता है।

### जांच हुई तो खुल सकता है बड़ा घोटाला

मानका देई ग्राम पंचायत में लगातार सामने आ रहे आरोपों ने पूरे तामिया जनपद में चर्चा का विषय बना दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि निष्पक्ष एवं तकनीकी जांच कराई जाती है तो निर्माण कार्यों में हुए कथित फर्जीवाड़े का बड़ा खुलासा हो सकता है और कई जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका उजागर हो सकती है।अब देखने वाली बात यह होगी कि जिला प्रशासन इन गंभीर आरोपों को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या निष्पक्ष जांच के माध्यम से ग्रामीणों को जवाब मिल पाता है या नहीं।

### ग्रामसभा प्रस्ताव से लेकर भुगतान तक हो जांच

ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। जांच में निम्न बिंदुओं को शामिल किया जाए ग्रामसभा में निर्माण कार्यों से संबंधित पारित प्रस्तावों की जांच।स्वीकृत एस्टीमेट और तकनीकी स्वीकृति का परीक्षण।सीसी रोड निर्माण में उपयोग की गई सामग्री की गुणवत्ता जांच।प्रोफाइल शीट खरीदी के बिलों एवं भुगतान प्रक्रिया की जांच।संबंधित उपयंत्री, सहायक यंत्री एवं सचिव की भूमिका की जांच।डीएससी के उपयोग और भुगतान संबंधी रिकॉर्ड का परीक्षण।निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन।

## खबर संक्षेप

### आज एफडीडीआई में बैठक का आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण के लिए विधि विभाग द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य श्री बुधपाल सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता की अध्यक्षता में जनपरामर्श के लिये बैठक का आयोजन 15 जून 2026 को प्रातः 10:30 बजे एफडीडीआई छिंदवाड़ा के ऑडिटोरियम में किया गया है। अतिरिक्त कलेक्टर छिंदवाड़ा द्वारा संबंधित जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया है कि वे समान नागरिक संहिता के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक में 15 जून 2026 को प्रातः 10:30 बजे एफडीडीआई, छिंदवाड़ा के ऑडिटोरियम में उपस्थित होकर सहभागिता करें। साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

**छिन्दवाड़ा।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) छिंदवाड़ा द्वारा आज जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. श्रीमती रंजना तांडेकर, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि टांडेकर, फॉरेन्सिक विशेषज्ञ डॉ. अग्रवाल तथा सहायक प्राध्यापक सर्जरी डॉ.ढाकरिया सहित अन्य चिकित्सकों ने रक्तदान कर समाज को प्रेरणादायक संदेश दिया। इस अवसर पर पैथोलॉजी विभाग के मेडिकल ऑफिसर डॉ. सान्निध्य दुबे, श्री अविकांत बेले एवं ब्लड बैंक का स्टाफ भी उपस्थित था। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. सुशील दुबे, आईएमए अध्यक्ष डॉ. श्रीमती अल्पना शुक्ला तथा स्टोर इंचार्ज श्री मनीष दुबे विशेष रूप से उपस्थित थे। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित इस रक्तदान शिविर के माध्यम से लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक करने एवं जरूरतमंद मरीजों के लिए पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराने का संदेश दिया गया।

सवालों के घेरे में एसडीएम, बीएमओ और तहसीलदार

## क्या कलेक्टर की जांच रसूखदार अफसरों की अकड़ तोड़ पाएगी?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले में सामने आए चौरापठार मामले में कथित प्रशासनिक अनियमितताओं और नियमों को ताक पर रखकर किए गए फैसलों को लेकर अब मामला कलेक्टर की जांच तक पहुंच चुका है। जांच के आदेश जारी होने के बाद प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

हालांकि, जिस तरह से आरोपों के घेरे में आए कुछ अधिकारियों का आत्मविश्वास अब भी बरकरार दिखाई दे रहा है, उसने इस पूरे मामले को और अधिक चर्चा का विषय बना दिया है। जानकारी के अनुसार मामले में कुछ ऐसे निर्णय और कार्यवाही सामने आई हैं, जिन पर गंभीर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

आरोप है कि कई प्रक्रियाओं में नियमों की अनदेखी की गई, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने सब कुछ नियमानुसार होने का दावा किया। अब कलेक्टर द्वारा जांच के आदेश दिए जाने के बाद लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आखिर सच सामने आएगा या फिर मामला फाइलों में ही दबकर रह जाएगा। यद्यपि बीएमओ और तहसीलदार ने प्रशासन के समक्ष जवाब तो पेश कर ही दिया है परंतु मुख्यमंत्री के चीफ सेक्रेटरी तक भी शिकायत पहुंचने पर मामला आसानी से सुलझना नहीं दिखाई दे रहा है।

जिले के राजनीतिक और सामाजिक हलकों में इस मामले को लेकर अलग-अलग चर्चाएं चल रही हैं। आम लोगों के बीच यह धारणा तेजी से बन रही है कि यदि जांच निष्पक्ष हुई तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक महकमे से जुड़े सूत्रों का कहना है कि कुछ अधिकारी अपने प्रभाव और संपर्कों के दम पर अब भी खुद को पूरी तरह सुरक्षित मान रहे हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर यदि सब कुछ नियमों के तहत हुआ था तो फिर जांच की नौबत क्यों आई? क्या शिकायतों में दम है या फिर यह महज आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति है? इन सवालों का जवाब अब जांच रिपोर्ट ही दे सकती है।

### जनता की निगाहें कलेक्टर पर

वर्तमान मामले में सबसे अधिक भरोसा कलेक्टर की जांच प्रक्रिया पर जताया जा रहा है। लोगों का मानना है कि यदि जांच पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से हुई तो प्रशासनिक जवाबदेही का एक बड़ा उदाहरण स्थापित हो सकता है।कई सामाजिक संगठनों का कहना है कि सरकारी पद पर बैठे अधिकारियों की जिम्मेदारी केवल नियमों का पालन करना नहीं बल्कि जनता का विश्वास बनाए रखना भी है। यदि किसी कार्यवाही पर संदेह उत्पन्न होता है तो उसकी निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है। नहीं तो घटना की पुनर्रावृत्ति होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

### क्या प्रभाव और रसूख जांच पर भारी पड़ेंगे?

जिले में सबसे अधिक चर्चा इसी बात को लेकर है कि क्या जांच प्रभावित होगी या फिर निष्पक्ष रूप से पूरी होगी। आरोप लगाने वाले पक्ष का कहना है कि कुछ अधिकारी वर्षों से अपने प्रभाव और राजनीतिक संपर्कों के कारण कार्रवाई से बचते रहे हैं। ऐसे में यह जांच प्रशासनिक व्यवस्था की विश्वसनीयता की भी परीक्षा मानी जा रही है। जानकारों का मानना है कि यदि जांच केवल कागजी दस्तावेजों तक सीमित रही तो शायद सच्चाई का पूरा चित्र सामने न आ सके। इसके लिए आवश्यक होगा कि सभी संबंधित रिकॉर्ड, आदेश, फाइलें और परिस्थिति जन्य तथ्यों का भी गहन परीक्षण किया जाए।

### हमने कुछ गलत नहीं किया की तर्ज पर डटे अधिकारी

मामले में जिन अधिकारियों के नाम चर्चा में हैं, उनमें कुछ एसडीएम, बीएमओ और तहसील स्तर के अधिकारी शामिल बताए जा रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि जांच के आदेश के बाद भी संबंधित अधिकारी सार्वजनिक और निजी बातचीत में यह कहते नजर आ रहे हैं कि उन्होंने कोई नियम नहीं तोड़ा है और उनकी प्रत्येक कार्यवाही पूरी तरह वैधानिक है। यही वजह है कि जिले में यह चर्चा जोर पकड़ रही है।

## मूंग-उड़द पंजीयन की अंतिम तिथि आज, किसान अनिवार्य रूप से कराएं पंजीयन

**छिन्दवाड़ा।** शासन के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) की ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु 25 मई 2026 से 15 जून 2026 तक किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। जिले में विभिन्न तहसीलों के 21 पंजीयन केन्द्रों पर यह प्रक्रिया संचालित की जा रही है। कृषि विभाग द्वारा मूंग एवं उड़द उत्पादक किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर अपनी उपज का पंजीयन कराकर योजना का लाभ प्राप्त करें। अधिक जानकारी के लिए किसान संबंधित समिति प्रबंधक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। कृषि विभाग ने बताया है कि मूंग-उड़द पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जून 2026 है। ऐसे किसान जिन्होंने ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की बोनी की है, वे अंतिम तिथि पर अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से करा लें। जिले में पंजीयन के लिए तहसील छिंदवाड़ा के 2, चौरई के 4, चांद के 2, अमरवाड़ा के 3, तामिया के 2 तथा मोहखेड़, हर्रई, परासिया, उमरेठ, जुन्नारदेव एवं बिछुआ में एक-एक सहकारी संस्थाएं एवं बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां शामिल हैं। वहीं जिला पांढुर्णा के लिए तहसील पांढुर्णा एवं सौंसर में एक-एक पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। विभाग ने किसानों से समय रहते पंजीयन कराने की अपील की है, जिससे उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

## वर्ल्ड ब्लड डोनेशन डे पर चिकित्सा प्रकोष्ठ ने किया रक्तदाताओं का सम्मान



**छिंदवाड़ा।** रविवार को वर्ल्ड ब्लड डोनेशन डे के अवसर पर डॉ कृष्ण हरजानी, जिला संयोजक, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने अपनी टीम के साथ जिला अस्पताल में पहुंचकर रक्तदाताओं का सम्मान किया। इस अवसर पर ब्लड बैंक की टीम का भी निस्वार्थ सेवा के लिए आभार व्यक्त किया गया। ब्लड डोनेशन के विषय में जागरूक करते हुए डॉ हरजानी ने कहा कि ब्लड बैंक ऑफिसर डॉ रंजना टांडेकर जी एवं डॉ रवि टांडेकर जी दोनों द्वारा किया गया रक्त दान सबको प्रेरणा देने वाला है। ब्लड डोनेशन का शरीर पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने बाद रक्तदान कर सकता है। आपके किए हुए एक यूनिट रक्तदान महादान से तीन लोगो का जीवन बचाया जा सकता है।कार्यक्रम में IMA अध्यक्ष डॉ अल्पना शुक्ला, डॉ ढाकरिया, सिविल सर्जन डॉ सुशील दुबे , डॉ के एस बजाज, डॉ हितेश मिश्रा, डॉ मयंक साहू एवं इस अवसर पर डॉ केएस बजाज, डॉ हितेश मिश्रा, डॉ अल्पना शुक्ला, डॉ ढाकरिया, डॉ मयंक साहू, डॉ भोला यादव, बेले जी ,अनुज दूबे एवं ब्लड बैंक की टीम उपस्थित रही

## 16 जून से 15 अगस्त तक जिले में मत्स्याखेट पर पूर्ण प्रतिबंध

**छिन्दवाड़ा।** वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन एवं संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 16 जून 2026 से 15 अगस्त 2026 तक जिले की नदियों एवं जलाशयों में मत्स्याखेट (मछली पकड़ना) पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम, 1972 की धारा-3 (2) के तहत इस अवधि को क्लोज सीजन (बंद ऋतु) घोषित किया गया है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला छिंदवाड़ा ने बताया कि जारी अधिसूचना के अनुसार छोटे तालाबों एवं ऐसे जल स्रोत जिनका किसी नदी या नाले से संबंध नहीं है, उन्हें छोड़कर सभी नदियों एवं जलाशयों में मत्स्याखेट पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

### मृगनयनी मप्र प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग

**छिन्दवाड़ा।** शहर के होटल पूजा लॉन, परासिया रोड में आयोजित मृगनयनी मध्यप्रदेश प्रदर्शनी-2026 लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन गई है। मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर प्रदेश की समृद्ध कला, शिल्प और हथकरघा परंपरा का अवलोकन कर रहे हैं।

प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कारीगरों और बुनकरों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पाद लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। चंदेरी की जरी एवं रेशम किनारी वाली साड़ियां, महेश्वरी वस्त्र, बाग और बाटिक प्रिंट, खादी उत्पाद, जरी-जरदोजी कार्य, गोंड पेंटिंग, लेदर क्राफ्ट, हस्तनिर्मित ज्वेलरी, दरी, लकड़ी एवं खराद शिल्प जैसी पारंपरिक कलाओं को देखने और खरीदने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। विशेष रूप से चंदेरी की प्रसिद्ध साड़ियां प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण बनी हुई हैं।

### नीट परीक्षा आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन आज

**छिन्दवाड़ा।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट (यूजी)-2026 परीक्षा के सफल आयोजन के संबंध में कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार 15 जून 2026 को समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। संयुक्त कलेक्टर छिंदवाड़ा ने बताया कि नीट (यूजी)-2026 परीक्षा 21 जून 2026 को जिले के 08 परीक्षा केंद्रों में दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सुचारू संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक बुलाई गई है। यह समीक्षा बैठक 15 जून 2026 को दोपहर 1:00 बजे एफडीडीआई के ऑडिटोरियम हॉल, इमलीखेड़ा, छिंदवाड़ा में आयोजित की जाएगी।

## सीएम ने प्रदेश की लाड़ली बहनों को 37वीं किस्त का किया अंतरण

### जिले की 3,14,369 लाडली बहनों के खातों में पहुंची 45.45 करोड़ रुपये की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मध्यप्रदेश की करोड़ों महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सम्मान के लिये जिला सागर के केसली में 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' की 37वीं किश्त का अंतरण किया। इस अवसर पर प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1,835 करोड़ रूपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की गई। वहीं छिंदवाड़ा जिले की 314369 लाड़ली बहनों को 45.45 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया गया। इसी कड़ी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन छिंदवाड़ा शहरी क्षेत्र बरारीपुरा केंद्र में एवं केंद्र क्रमांक 18 और 16 में लाड़ली बहना हितग्राहियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में सागर जिले के केसली में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा एवं सुना गया। इसके अलावा जिले की परियोजनाओं एवं आंगनबाड़ियों में भी लाड़ली बहना हितग्राहियों को जोड़कर कार्यक्रम का प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से दिखाया गया।



## भक्तिमय भजनों पर देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु

### जामसांवली में हुआ भजन जेमीग कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) के पावन अवसर पर चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान, हनुमान लोक जामसांवली धाम में आयोजित भव्य 'भजन जैमिंग' कार्यक्रम भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुपम केंद्र बन गया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक ऋषभ जैन की मधुर और ओजस्वी प्रस्तुतियों ने हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान पूरा धाम भक्तिरस में सराबोर रहा। गायक ऋषभ जैन ने जैसे ही 'राम नाम का अमृत पी ले, जीवन सफल बना ले रे' और 'मेरे बजरंगी सरकार, तेरे दर से कोई खाली नहीं जाता' जैसे भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी, तो पूरा परिसर जय श्रीराम और संकट मोचन हनुमान के जयघोषों से गूंज उठा। देर रात तक चले इस भक्तिमय आयोजन में श्रद्धालु भावविभोर होकर नाचते-झूमते नजर आए।यह भव्य आयोजन मंदिर से जुड़े सेवाभावी सदस्यों द्वारा स्वयं के व्यय पर आयोजित किया गया था। मंदिर प्रशासन ने इन सेवाभावी युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि इनकी निष्ठा अन्य श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

कार्यक्रम के आयोजन में युवा उद्यमी रोही कटहल, अंकित अरोरा, निखिल बागानी, विकास शर्मा, नवीन धारपुरे, कवि प्रसाद रूंघे, भावेश पवार, अनुज सोनी, गौरव साहू, अजय बोडखे, मीनाक्षी गोंडादे और अनुज कुमार नागपुरवाला समेत अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।कार्यक्रम के अवसर पर मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि अधिक मास भक्ति, सेवा और दान का विशेष समय है। उन्होंने कहा, ₹जामसांवली धाम में आयोजित ऐसे धार्मिक अनुष्ठान समाज में संस्कार, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। हनुमानजी महाराज की कृपा से जनमानस में धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।₹ इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट कमेटी के दादाराव बोबडे, टिकाराम कारोकार, मनोहर शेलकी, संदीप मोहोड, संतोष डवरे, संजु डवरे, एडवोकेट अजय धवले, राजू बाविसटाले, सुशील नाहर, मोहन ताजने, निलेश जुननकर, भीमराव वाकोडे और भास्कर गुढदे आदि उपस्थित रहे।

सौंसर के वार्ड क्रमांक 5 के मकान में लगी आग

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 11 लाख का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

बीती रात स्थानीय सावता चौक वार्ड नं 5 क्षेत्र से एक बेहद दुखद घटना सामने आई है, जहां रात के अंधेरे में एक हंसता-खेलता परिवार अपनी जीवनभर की कमाई खो बैठा। रोज की तरह आटा चक्की संचालक रवि टॉकलखेडे और उनका परिवार अपने घर में शांति से सो रहा था।

इसी दौरान शनिवार की रात के ठीक 3 बजे अचानक उनके स्टोर रूम में आग भड़क उठी। प्राथमिक अनुमान के मुताबिक, आग लगने की मुख्य वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। जब तक गहरी नींद में सोया परिवार और आस-पास के लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग की लपटों



ने विकराल रूप धारण कर लिया था। देखते ही देखते आग पूरे स्टोर रूम ओर घर के कुछ कमरो में फैल गई। इस हादसे में पीड़ित परिवार का भारी नुकसान हुआ है। लोहे की अलमारी और उसके अंदर रखा हुआ सामान बुरी तरह जलकर राख हो गया। आलमारी में रखे 6 तोला सोना, चांदी के आभूषण और पूरी घर-गृहस्थी का कीमती सामान कपड़े जलकर पूरी तरह खाक हो गया। पीड़ित परिवार के अनुसार, इस अग्निकांड में उन्हें लगभग 11 लाख रुपये का भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। रात्रि में फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पायाघटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और नगरपालिका की टीम तुरंत एक्शन में आई। सौसर पटवारी आशुतोष ठाकरे और नगरपालिका राजस्व अधिकारी रमन बागड़े ने घटनास्थल का दौरा कर नुकसान का पंचनामा तैयार किया। पीड़ति रवि टाकलखेड़े ने बताया की हमारा सब कुछ बर्बाद हो चुका है। सरकार और प्रशासन से हमारी विनती है कि नुकसान का सही आकलन कर हमें जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाए ताकि हम फिर से जिंदगी शुरू कर सकें। हादसे की खबर मिलते ही विधायक विजय चौरे अपने सहयोगियों के साथ तुरंत पीड़ित रवि टॉकलखेडे के निवास स्थान पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली और इस मुश्किल घड़ी में गहरा शोक व्यक्त करते हुए प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द हर संभव सरकारी मदद व न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष सुनील भांगे, विकास बुले, प्रदीप कलसकर आदि उपस्थित थे।

### ज्योति दुबे का निधन

**छिन्दवाड़ा।** वरिष्ठ पत्रकार सुधीर दुबे की धर्मपत्नि एवं हर्षिद दुबे की माताजी और भीम दुबे की भाभी श्रीमती ज्योति दुबे का निधन हो गया हे। उनका रविवार को पातालेश्वर मोक्षधाम में अंतिम संस्कार कियागया। इस अवसर पर यहां बड़ी संख्या में पत्रकार एवं रिश्तेदारों सहित अन्य लोगों ने मृत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती दुबे के निधन पर छिंदवाड़ा के सांसद विवेक बंटी साहू और भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने गहन दुख व्यक्त किया है। इसके अलावा पूर्व सीएम कमलनाथ और पूर्व सांसद नकुलनाथ ने भी उनके निधन पर दुख जताया है।

# जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आवेदनों का किया निराकरण

## सभी जोनों में जनकल्याण शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज छिंदवाड़ा



मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार नगर निगम के सभी जोनों में आयोजित जनकल्याण शिविरों के अंतर्गत रविवार को तीसरे एवं अंतिम दिवस कुकड़ा जगत जोन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद श्रीराम शर्मा, उदय सिंह पटेल, जनप्रतिनिधि ओम चौरसिया, सेवानिवृत्त एसडीओ साहू जी, सहायक आयुक्त मीना कोरी, जोनल अधिकारी बृजेश पांडेय, राजस्व अधिकारी महेश साहू, सिटी मिशन मैनेजर उमेश पयासी, सेवंती पटेल सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बताया गया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक सरल एवं सहज रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से नगर निगम के सभी जोनों में इन शिविरों का आयोजन किया गया। नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया तथा विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराईं।

शिविरों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग से संबंधित सेवाओं के तहत निम्न सेवाओं के लिए आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, जिनमें अविवादित संपत्ति नामांतरण (मृत्यु प्रकरण), अविवादित संपत्ति हस्तांतरण, नए नल एवं सीवर कनेक्शन, डेड लाइन सुधार कार्य, हैंडपंप एवं ट्यूबवेल सुधार, नो ड्यूज प्रमाण पत्र, पीएम स्वनिधि योजना, फायर एनओसी, भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र, भवन पूर्णता प्रमाण पत्र, आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति एवं विकास अनुज्ञा की समय-सीमा वृद्धि संबंधी सेवाएं शामिल रहीं। सहायक आयुक्त मीना कोरी द्वारा नगर के सभी पांचों जोनों में उपस्थित होकर आवेदनों के निराकरण कार्यों का निरीक्षण किया गया। शिविर में नसमो मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल नागपुर की डॉ. अंजलि मोरे, स्वास्थ्य सलाहकार शिल्पा ठाकरे एवं अनुजा तुले अपनी टीम के साथ उपस्थित रहीं। उनके द्वारा नागरिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर रक्तचाप, शुगर सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई।

जनकल्याण शिविरों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया, जिसमें पीएम स्वनिधि योजना के 132, ट्रेड लाइसेंस के 37, नो ड्यूज प्रमाण पत्र के 1972, संबल योजना के 49, बीपीएल संबंधी 5, नए नल कनेक्शन के 26, पेंशन के 8, जन्म प्रमाण पत्र के 78 तथा मृत्यु प्रमाण पत्र के 124 आवेदनों का निराकरण किया गया।

## स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति नागरिकों को किया गया जागरूक, दिलाई गई स्वच्छता शपथ



छिंदवाड़ा। रविवार को शुभ प्रातःकालीन बेला में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा की स्वच्छता टीम द्वारा सुभाष पार्क पहुंचकर नवरत्न हैप्पी क्लब एवं सत्यम शिवम सुंदरम क्लब के सदस्यों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। इस अवसर पर नागरिकों को स्वच्छता एप के उपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई तथा फोर बिन (4-Win) के अंतर्गत घरों में उत्पन्न होने वाले चार प्रकार के कचरे को अलग-अलग रखने एवं उन्हें पृथक रूप से कचरा संग्रहण वाहन में देने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी नागरिकों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाकर स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर के निर्माण में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता संबंधी व्यवहार परिवर्तन एवं जनसहभागिता के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं हरित बनाए रखने का संकल्प लिया। नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा संचालित इस जनजागरूकता अभियान के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने का सतत प्रयास किया जा रहा है।

## गुजरात सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दर्ज

छिंदवाड़ा। देश के 44 करोड़ साधकों की आस्था का एवं विश्व के 167 देशों के साधकों का आध्यात्मिक उत्थान केंद्र संत श्री आशाराम जी आश्रम अहमदाबाद का जमीन मामला जिस पर अब सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है। इस सम्बंध में सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू ने दिनांक 30 अप्रैल 2026 को स्वयं माननीय उच्चत्तम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होकर विधि अनुसार प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर माननीय सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लेकर याचिका दर्ज की जिसका क्रमांक 55297/**SCI** /**PIL** / 2026 है। याचिका में बताया कि गुजरात प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के कानूनों का जानबूझकर अवहेलना की जा रही है। करोड़ो करोड़ो लोगों की आस्था का हनन किया जा रहा है। एक षड्यंत्र के तहत अहमदाबाद महानगर पालिका आश्रम की जमीन खाली करवाने के बार बार असंवैधानिक तरीके से नोटिस दे रही हैं। जबकि आश्रम प्रबंधन के पास उक्त जमीन के सभी वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध हैं। उक्त आश्रम से देश के 450 आश्रम ,18 हजार बाल संस्कार केंद्र , सैकड़ों गुरुकुल , देश मे 14 फ़रवरी को 74 करोड़ माता पिता का पूजन ,पर्यावरण संरक्षण हेतु इस वर्ष में देश मे 4 लाख जगह तुलसी पूजन आयोजन , देशभर के आदिवासी क्षेत्रों में प्रतिवर्ष भंडारे कर सनातन संस्कृति के महत्व से अवगत कराना आदि सेवा कार्य संचालित हो रहें हैं। इन सेवा कार्यों के सफल संचालन हेतु सन 2019 में अमेरिका जैसे सुपर पावर देश की केलिफोर्निया विधानसभा पूज्य बापूजी को सर्वोच्च सम्मान दिया।जबकि उस समय पूज्य बापूजी जोधपुर जेल में थे।

## पद्मश्री से सम्मानित मोहन नागर के साथ समाजसेवियों ने छोटा तालाब के कुंड की सफाई



छिंदवाड़ा। जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष माननीय पद्म श्री मोहन नागर जी (राज्य मंत्री दर्जा म. प्र. शासन) की उपस्थिति में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के आह्वान पर नगर विकास प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं, परामर्शदाता, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर जल संरक्षण अभियान सामूहिक परिश्रम से छोटा तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया। श्रमदान के पश्चात आयोजित जल संवाद में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष माननीय मोहन नागर जी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज जल स्रोत की स्वच्छता बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है, सभी अपने अपने स्तर पर जल संरक्षण अभियान में अपना योग्मगदान दें। सभी ने संकल्प लिया कि नियमित श्रमदान से तालाब ओर जल स्रोत को स्वच्छ रखेंगे। कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रभारी श्री आदित्य बावला शुक्ला जी, भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव जी यादव, मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला जी, विजय पांडे, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त समाज सेवी श्री विनोद तिवारी, डॉ गरिमा दामोदर पार्षद, संदीप रघुवंशी, चंद्रकांत विश्वकर्मा, संजय साहू, मनीष तिवारी, तृप्ति सिंह, आशीष साहू, अलका शुक्ला, आयशा लोधी, नगर विकास प्रस्फुटन समितियां से देवी सिंह, अमित वर्खानिया, श्रीमति दीपानाथ, कामेश सूर्यवंशी चित्तेश डेहरिया अखिलेश बरखानिया, पूजा मालवीय, अंजना, जय श्री, ज्योति, स्वाति सार्वे, प्रियंका पवार, काजल मोहबे, सत्यम, धर्मेंद्र, कामिनी, प्रिया, रेणुका उपासनी,मेडलीना, रोशनी खंडायत आदि उपस्थित रहे अंत में उपस्थित जनों का आभार प्रदर्शन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने व्यक्त किया।

## कामाख्या के सिद्ध साधक तीन दिन का लगाएंगे दिव्य दरबार कहेंगे हनुमान कथा

छिंदवाड़ा। निप सर्व विधित हे कि छिंदवाड़ा शहर में पहली बार हनुमान कथा एवं तीन दिवसीय दरबार का आयोजन 18 जून से 20 जून 2026 को श्री सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर परिसर पुराना छापाखाना मालवी पार्क के पास छिंदवाड़ा में होने जा रहा है जिसमें कामाख्या के सिद्ध साधक एवं सतपुड़ा विंध्याचल की पावन सिद्ध भूमि नागद्वारी से सिद्धि प्राप्त हस्तरेखा नाडी विशेषज्ञ एवं आयुर्वेदाचार्य श्री महाकाल जी महाराज के द्वारा भगवान हनुमान जी की कथा एवं दिव्य दरबार लगाकर लोगों के दुख दर्द एवं स्वास्थ्य की कामना श्री सिद्धेश्वर हनुमान जी से करके जनता को लाभ पहुंचे।

## जिले के युवाओं को दी जायेगी प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग

हरिभूमि न्यूज जुन्नारदेव

जिले के युवाओं को इस वर्ष भी प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क तैयारी कराने के उद्देश्य से सांसद बंटी विवेक साहू की पहल एवं मार्गदर्शन में सांसद निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ 28 जून से किया जा रहा है। संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू की इस महत्वाकांक्षी पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु बेहतर शैक्षणिक वातावरण, विशेषज्ञों का मार्गदर्शन एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर विगत वर्ष भी जिले के 1,100 युवाओं को अटल आरक्षक कोचिंग के माध्यम से निःशुल्क कोचिंग प्रदान की गई थी, जिसमें कई युवाओं को चयन विभिन्न विभागों में हुआ था। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सांसद निःशुल्क कोचिंग की यह पहल युवाओं के सपनों को साकार करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला सयोजक एवं सांसद निःशुल्क कोचिंग के मार्गदर्शक व संचालक संतोष साहू ने बताया कि कोचिंग का संचालन मानसरोवर कॉम्प्लेक्स के पीछे मोहननगर में स्थित गायत्री चेतना केंद्र छिंदवाड़ा में किया जाएगा। सांसद निःशुल्क कोचिंग की कक्षाओं का समय प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। संतोष साहू ने बताया कि विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण एवं नियमित मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, जिससे वे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें।

## ज्योति के निधन पर सांसद बंटी विवेक साहू ने जताया गहन दुख

छिन्दवाड़ा। वरिष्ठ पत्रकार सुधीर दुबे की धर्मपत्नि एवं हर्षिद दुबे की माताजी और भीम दुबे की भाभी श्रीमती ज्योति दुबे के निधन पर सांसद बंटी विवेक साहू ने गहन दुख व्यक्त किया है। सांसद श्री साहू ने कहा कि मिलनसार और खुशमिजाज श्रीमती ज्योति दुबे का आकस्मिक निधन होना अत्यंत पीड़ादायक है। श्रीमती ज्योति दुबे का इस दुनिया से जाना दुबे परिवार सहित हम सभी के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने कहा कि समाज और सार्वजनिक जीवन में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। सांसद श्री साहू ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे दिवंगत पूर्ण आत्मा को शांति प्रदान करते हुए उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करे और शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति दे।

## कलार समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज छिंदवाड़ा

सूर्यवंशी (कलार) समाज, छिंदवाड़ा द्वारा कलार समाज के सभी वर्गों के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु ₹मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान एवं करियर गाइडेंस कार्यक्रम 2026₹ का भव्य आयोजन कृष्णा लॉन, छिंदवाड़ा में किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक बंधुओं, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर छिंदवाड़ा हरेंद्र नारायन जी रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए निरंतर अध्ययन, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया तथा समाज की इस प्रेरणादायी पहल की सराहना की। इस अवसर पर कुलपति महोदय त्रिपाठी जी , श्री जी. एस. बघेल सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी एवं शासकीय महाविद्यालय चांद के प्राचार्य डॉ. अमर सिंह सहित अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

## रेशमा डोले बनी अध्यक्ष एवं लता डोले बनी सचिव

छिंदवाड़ाः पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार कांग्रेस अनुसूचित जाति महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष श्रीमती संतोषी अनिल गजभिये के नेतृत्व में आज वार्ड क्र. 17 सिवनी रोड छिंदवाड़ा में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, जिला संगठन महासचिव गुरूचरण खरे, जिला अध्यक्ष प्रकाश मेहरोलिया, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती संतोषी गजभिये, जिला कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती अपेक्षा बेले, श्रीमती साक्षी चौबे, मीडिया प्रभारी पिंकी ढाकरिया की सहमति से शहर अध्यक्ष श्रीमती राशिका बघेल द्वारा रेशमा डोले को वार्ड नंबर 17 की अध्यक्ष एवं लता डोले की सचिव के पद पर नियुक्ति की गयी। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दी।

## सिद्ध श्री जागृत हनुमान मंदिर में भव्य धार्मिक कार्यक्रम संपन्न


वारासिवनी। नगर के वार्ड नंबर 14 गोलीबार चौक में स्थित भक्ति सेवा और विश्वास के केंद्र प्राचीन सिद्ध श्री जागृत हनुमान मंदिर में शनिवार को भव्य धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न किया गया। इस पावन अवसर पर प्रभु हनुमान जी की भक्ति में लीन होने और पुण्य लाभ कमाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए। इस कार्यक्रम की शुरुआत शाम होते ही बेहद व्यवस्थित रूप से हुई। मंदिर समिति द्वारा तय समय सारणी के अनुसार सभी अनुष्ठान पूर्ण किए गए। जिसमें शाम 5 बजे से ही प्रभु के भोग के बाद महाप्रसादी वितरण का शुभारंभ कर दिया गया। मंदिर परिसर में आने वाले भक्तों के लिए भोजन प्रसाद की उत्तम व्यवस्था की गई थी, जिसका हजारों श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। इसके बाद संगीतमय वातावरण में सुंदर कांड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें सुमधुर जुगलबंदी और भक्तिमय सुरों के बीच श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड की चौपाइयों का गान किया।

### पुलिस, तहसीलदार, एसडीएम और खनिज विभाग को बार-बार सूचना के बाद भी नहीं होती कार्रवाई

## बाघ नदी पर रेत माफिया का 'साम्राज्य', प्रशासन की चुप्पी ने खड़े किए गंभीर सवाल

### आखिर किसके संरक्षण में चल रहा अवैध रेत कारोबार?

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी तहसील के ग्राम बापड़ी और परसोडी स्थित बाघ नदी घाट इन दिनों अवैध रेत उत्खनन को लेकर चर्चा के केंद्र में हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रेत माफिया खुलेआम नदी से अवैध उत्खनन कर ट्रैक्टरों के माध्यम से परिवहन कर रहे हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन, तहसीलदार, एसडीएम कार्यालय और खनिज विभाग तमाम शिकायतों के बाद भी मूकदर्शक बने हुए हैं। इससे जिम्मेदार विभागों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

**शिकायतों का ढेर, कार्रवाई शून्यः** ग्रामीणों का कहना है कि अवैध रेत उत्खनन की जानकारी कई बार संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी है। लिखित शिकायतों और मौखिक सूचना के बाद भी आज तक कोई ठोस और स्थायी कार्रवाई सामने नहीं आई। लोगों का आरोप है कि अधिकारियों की यह उदासीनता रेत माफियाओं के हौसलों को लगातार बढ़ावा दे रही है। क्षेत्र में यह चर्चा भी तेज है कि आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है जिसके चलते शिकायतों के बाद भी अवैध कारोबार पर लगाम नहीं लगाई जा रही है।

**रात के अंधेरे में चलता है रेत का खेलः** स्थानीय लोगों के अनुसार बाघ नदी घाट पर देर रात से ही ट्रैक्टरों की आवाजाही शुरू हो जाती है। सुबह होने से पहले तक नदी से रेत निकाली जाती है और शाम के समय भी यह सिलसिला जारी रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन से जुड़े लोगों का सूचना तंत्र इतना सक्रिय है कि प्रशासनिक अमले की गतिविधियों की खबर पहले ही घाट तक पहुंच जाती है, जिससे अवैध कार्य में लगे लोग सतर्क होकर बच निकलते हैं।

बेतहाशा रेत उत्खनन से बाघ नदी का प्राकृतिक संतुलन बिगडने और नदी के किनारों पर कटाव बढने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने कठोर कदम नहीं उठाए तो आने वाली पीढिय़ों को इसका भारी नुकसान भुगतना पड़ सकता है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, शिकायतों की अनदेखी करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की भी जांच करने तथा अवैध रेत कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन अब भी नहीं जागा तो अवैध खनन के खिलाफ जनआंदोलन छेड़ा जाएगा।

## सरदार पटेल मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, गायखुरी द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

11 जून को सरदार पटेल मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, गायखुरी, बालाघाट, डॉक्टर्स यूनियन पंडियाछपारा के तत्वावधान में एवं ग्राम पंचायत पंडियाछपारा के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

शिविर में डॉ. प्रिंस वर्मा (ब्रेन एवं स्पाइन विशेषज्ञ), डॉ. निकलेश वासनिक (जनरल सर्जन), डॉ. शुभम वैद्य (अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं हिप-जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन), डॉ. प्रवीण जयराजन (मेडिसिन विशेषज्ञ), डॉ. रश्मि सरकरवाड़े (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. अभिषेक अडे (फिजियोथेरेपिस्ट) उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान क्षेत्रवासियों को निःशुल्क बी.पी. जांच, शुगर जांच, विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने शिविर का लाभ उठाया और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत पंडियाछपारा के जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने शिविर के सफल आयोजन हेतु सरदार पटेल मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, गायखुरी एवं उपस्थित सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने भविष्य में भी ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का संकल्प व्यक्त किया।

## गांव के विकास की रफ्तार रोकने की साजिश! सर्रा पंचायत में कुछ पंचों की आपत्ति से नाली निर्माण कार्य पर खड़े हुए सवाल



### सरपंच बोले- गांव की जरूरत और गुणवत्ता को प्राथमिकता देकर कराए जा रहे हैं विकास कार्य, कुछ लोग निजी स्वार्थ में डाल रहे बाधा

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत सर्रा में इन दिनों विकास कार्यों को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। जहां एक ओर सरपंच द्वारा शासन की योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए ग्राम में विभिन्न निर्माण और जनहित के कार्य कराए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ पंचों द्वारा इन कार्यों में लगातार आपत्ति दर्ज कर विकास की गति को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों के बीच यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सर्रा में सरपंच द्वारा नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं मिल सकें। सरपंच का कहना है कि ग्राम में होने वाले प्रत्येक विकास कार्य की जानकारी पंचों को दी जाती है तथा भूमिपूजन जैसे कार्यक्रमों में उन्हें आमंत्रित भी किया जाता है। इसके बावजूद कुछ पंच यह आरोप लगाते हैं कि उन्हें कार्यों की जानकारी नहीं दी जाती और उनकी सहभागिता नहीं कराई जाती।

14 जून को वार्ड क्रमांक 4 में चल रहे नाली निर्माण कार्य को लेकर कुछ पंचों ने विरोध जताते हुए निर्माण में भेदभाव का आरोप लगाया। पंचों का कहना है कि सरपंच के घर के सामने सड़क से सटाकर नाली बनाई जा रही है, जबकि अन्य स्थानों पर दूरी रखी गई है। इस संबंध में सरपंच ने स्पष्ट किया कि नाली निर्माण पूरी तरह से स्थल की परिस्थितियों और ग्रामीणों के मकानों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां मकान सड़क के अधिक नजदीक बने हैं, वहां उन्हें नुकसान पहुंचाए बिना निर्माण कराना आवश्यक है। किसी के घर को तोड़कर नाली निर्माण नहीं किया जा सकता।सरपंच ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ पंच निर्माण कार्यों में राशि की मांग करते हैं, जबकि उनकी प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण निर्माण और शासन की राशि का सही उपयोग करना है। उनका कहना है कि वे गांव के विकास से समझौता नहीं करेंगे और बिना किसी दबाव के जनहित के कार्य लगातार जारी रखेंगे। गांव के कई लोग भी विकास कार्यों को समय पर पूरा करने की आवश्यकता बता रहे हैं।

### ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, काम बंद कराया, पत्थर गिरने से बाल-बाल बचे ग्रामीण

## चिकमारा में मैंगनीज खदान में हैवी ब्लास्टिंग से दहशत, मकानों में दरारें, जलस्तर गिरने से पेयजल संकट गहराया'

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



बालाघाट जिले की कटंगी तहसील के ग्राम चिकमारा में संचालित मैंगनीज खदान के खिलाफ रविवार को स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। मेसर्स आर.बी.श्रीराम एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड की खदान में रविवार सुबह करीब 11 बजे की गई हैवी ब्लास्टिंग के बाद आवास टोला के लोगों ने दोपहर ढाई बजे खदान पर पहुंचकर काम बंद करा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि ब्लास्टिंग इतनी तेज थी कि घरों में भूकंप जैसे झटके महसूस हुए और उछल कर आए पत्थरों से जान का खतरा बन गया। आवास टोला निवासी लक्ष्मण लांजेवार ने बताया कि वह रविवार सुबह अपने घर के बाहर बकरी बांध रहे थे। तभी खदान में जोरदार धमाका हुआ। धमाके के कुछ सेकंड बाद एक बड़ा सा पत्थर आकर मेरे ठीक पास गिरा। गनीमत रही कि मुझे नहीं लगा, वरना जान भी जा सकती थी। बच्चे घर के अंदर थे। पूरा परिवार दहशत में आ गया। लक्ष्मण अकेले नहीं हैं। आवास टोला के करीब 40-50 परिवार रोज इसी दहशत में जी रहे हैं। खदान गांव से महज 100 मीटर की दूरी पर संचालित हो रही है। रविवार को हुई हैवी ब्लास्टिंग के बाद आक्रोशित ग्रामीण दोपहर करीब 12 बजे कटंगी थाने पहुंचे और खदान मालिक के खिलाफ लिखित शिकायत दी। ग्रामीणों ने मांग की कि खदान को तुरंत बंद कराया जाए और उनके क्षतिग्रस्त मकानों का मुआवजा दिया जाए। शिकायत के बाद थाने से एक पुलिस कर्मचारी ग्रामीणों के साथ आवास टोला पहुंचा। मकानों में आई बड़ी-बड़ी दरारें और छत पर गिरे पत्थर देखकर पुलिस कर्मचारी भी सन्न रह गया। थाने से लौटने के बाद करीब ढाई बजे दर्जन भर से अधिक ग्रामीण लामबंद होकर खदान पर पहुंच गए। महिलाओं और पुरुषों ने खदान के मुख्य गेट पर जमकर नारेबाजी की और काम बंद करा दिया। ग्रामीणों ने दो टूक कहा कि जब तक खदान मालिक खुद आकर उनकी समस्याएं नहीं सुनते और लिखित आश्वासन नहीं देते, तब तक खदान नहीं चलने देंगे।

सीमा नंदेश्वर का पक्का मकान खदान से लगभग 100 मीटर दूर है। उन्होंने बताया कि रविवार की ब्लास्टिंग के बाद उनके घर की टीन की छत पर बड़े-बड़े पत्थर आकर गिरे। ष्हमने एक पत्थर को तौला तो उसका वजन 500 ग्राम निकला। सोचिए अगर यह किसी के सिर पर गिरता तो क्या होता? सीमा ने बताया कि उन्होंने दो साल पहले ही मेहनत-मजदूरी कर पक्का मकान बनाया था। लेकिन खदान में होने वाली हैवी ब्लास्टिंग से घर की दीवारों और फर्श में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं। रात में सोते समय डर लगता है कि कहीं मकान गिर न जाए। मानता तरवरे का दर्द भी यही है। उन्होंने भी दो वर्ष पूर्व ही नया मकान बनाया है। दीवारों में दरारें साफ दिख रही हैं। खिड़की-दरवाजे टेढ़े हो गए हैं। हर ब्लास्टिंग के साथ दरारें बढ़ती जा रही हैं।

ग्रामीणों का सबसे बड़ा आरोप यह है कि खदान प्रबंधन ब्लास्टिंग से पहले गांव वालों को कोई सूचना नहीं देता। न सायरन बजता है, न कोई बताने आता है। अचानक धमाका होता है और पत्थर घरों तक आ जाते हैं। ब्लास्टिंग के दौरान उछलकर गांव की तरफ आने वाले पत्थरों से हर समय जान का खतरा बना रहता है। गांव के छोटे-छोटे बच्चे अब धमाके की आवाज से ही सहम जाते हैं। धमाका होते ही बच्चे मां से लिपट जाते हैं। रात में चौंककर उठ जाते हैं।

इस पूरे मामले में एक कड़वी सच्चाई यह भी सामने आई है कि आवास टोला के ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर दो धड़ों में बंटे हुए हैं। दरअसल, टोले के कई परिवारों के सदस्य इसी खदान में मजदूरी करते हैं। जो लोग खदान में काम करते हैं, वह मकान में दरार देखकर भी चुप रहते हैं। उन्हें डर है कि बोलेंगे तो नौकरी चली जाएगी। एक ग्रामीण ने बताया बीते दिनों गांव के एक मजदूर ने जब ब्लास्टिंग की तीव्रता पर आपत्ति जताई थी तो उसे अगले ही दिन काम से निकाल दिया गया था। इस कारण कई प्रभावित परिवार खामोश हैं।

# आदमखोर बाघ का शिकार बनी आदिवासी महिला खेत से घसीटते ले गया जंगल के अंदर, दो माह में लगातार पांचवीं बाघ के हमले से मौत, आधा शरीर ही मिला

## बरघाट क्षेत्र में पांचवीं मौत से दहशत वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

**राकेश अगरवार हरीभूमि । बरघाट।** बेहरइ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मऊ के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिजा टोला-मऊ में रविवार दोपहर एक बार फिर बाघ के हमले ने पूरे इलाके को दहला दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी शिवचरण मर्शकोल की पत्नी खेत की ओर गई हुई थीं, तभी अचानक बाघ ने उन पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों के अनुसार बाघ महिला को खेत के पास से घसीटते हुए जंगल की ओर ले गया, जहां उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही पूरे गांव में मातम और भय का माहौल छा गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। बरघाट क्षेत्र के मऊ और आसपास के जंगलों में लगातार बाघों की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं और पूर्व की घटनाओं को जोड़कर देखा जाए तो अब तक पांच लोगों की जान बाघ के हमलों में जा चुकी है। इसके बावजूद स्थायी और प्रभावी उपाय नहीं किए जाने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

### दिनदहाड़े हमला, खेतों तक पहुंचा मौत का साया

ग्राम पंचायत मऊ सरपंच राजेश गौतम द्वारा बताया जा रहा है कि महिला दोपहर के समय खेत की ओर गई थीं। इसी दौरान घात लगाए बैठे बाघ ने अचानक हमला कर दिया। आसपास मौजूद लोगों को कुछ समझ आता, उससे पहले ही बाघ महिला को जंगल की तरफ ले गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि जब क्षेत्र में लगातार बाघों की मौजूदगी और हमलों की घटनाएं सामने आ रही हैं, तो लोगों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे हैं।

### दो माह में पांचवीं मौत के बाद भी नहीं टूटी वन विभाग की नींद?

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से बाघों की आवाजाही की जानकारी वन विभाग को दी जाती रही है। कई बार ग्रामीणों ने गश्त बढ़ाने, संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी रखने और लोगों को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की, लेकिन हालात में कोई बड़ा बदलाव नहीं दिखा। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही मौतों के बावजूद यदि बाघ के हमलों को रोकने के लिए प्रभावी रणनीति नहीं बन पा रही है, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। लोगों के मन में यह सवाल लगातार उठ रहा है कि आखिर कब तक ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर खेतों और जंगलों में जाने को मजबूर रहेंगे।

**जल जंगल जमीन के संरक्षण कर्ताओं पर ही क्यों बरस रहा है बाघ का कहर ज्यादातर मौत सिर्फ आदिवासियों कि मऊ के जंगल में निरंतर बाघ की गतिविधियों पर कब लगेगी लगाम बेहराई वन परिक्षेत्र में बाघ का कहर: खेत गई महिला को घसीटकर बनाया शिकार...**



### दहशत में पूरा इलाका, खेतों में जाने से डर रहे लोग

घटना के बाद बिजाटोला, मऊ और आसपास के गांवों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अब महिलाएं, बच्चे और किसान खेतों में जाने से डरने लगे हैं। कई परिवारों ने अकेले खेत या जंगल की ओर जाना बंद कर दिया है। लोगों का कहना है कि बाघ का खतरा अब केवल जंगल तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि खेतों और आबादी वाले इलाकों तक पहुंच चुका है। ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

### जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से कार्रवाई की मांग

घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन, वन विभाग और जनप्रतिनिधियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों का कहना है कि केवल मुआवजा देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस और स्थायी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए।
ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रभावित क्षेत्र में विशेष निगरानी दल तैनात किए जाएं, बाघ की गतिविधियों पर नजर रखी जाए तथा गांवों में सुरक्षा संबंधी व्यापक अभियान चलाया जाए ताकि आगे किसी और परिवार को ऐसी त्रासदी का सामना न करना पड़े।

### मातम में डूबा मऊ, सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल

एक ओर जहां शिवचरण मर्सकोले का परिवार इस असहनीय दुख से गुजर रहा है, वहीं दूसरी ओर पूरे बरघाट क्षेत्र में लोगों के मन में भय और आक्रोश दोनों दिखाई दे रहे हैं। लगातार बढ़ते बाघ हमलों और मौतों ने वन्यजीव प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि इस दर्दनाक घटना के बाद जिम्मेदार विभाग और प्रशासन क्या कदम उठाते हैं। क्या वन विभाग कुंभकर्णी नींद जागेगा या नही यह समझ के परे है।

## खबर संक्षेप

### सिवनी को मिला नया जिला आपूर्ति अधिकारी, देवेंद्र सिंह खोबरिया संभालेंगे जिम्मेदारी



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राज्य शासन ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए सिवनी जिले को नया जिला आपूर्ति अधिकारी (डीएसओ) दिया है। जारी स्थानांतरण आदेश के अनुसार देवेंद्र सिंह खोबरिया का तबादला नरसिंहपुर से सिवनी किया गया है। वे जल्द ही सिवनी में पदभार ग्रहण करेंगे।
जानकारी के अनुसार शासन द्वारा जारी आदेश में प्रदेश के कई जिला आपूर्ति अधिकारियों के स्थानांतरण किए गए हैं। इसी क्रम में सिवनी जिले में देवेंद्र सिंह खोबरिया की पदस्थापना की गई है। उनके आगमन से जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस), राशन वितरण व्यवस्था तथा खाद्यान्न प्रबंधन से जुड़े कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### ग्राम तिघरा की बेटी दीप्ति कटरे बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कड़ी मेहनत, निरंतर अध्ययन और दृढ़ संकल्प के बल पर सिवनी जिले के ग्राम तिघरा की बेटी दीप्ति कटरे ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम कर ली है। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2024 के अंतिम परिणाम में उनका चयन असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुआ है। उनकी इस सफलता से परिवार, शिक्षा जगत और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। संघर्ष, समर्पण और सकारात्मक सोच के साथ सफलता हासिल करने वाली दीप्ति कटरे आज युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई हैं। शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली दीप्ति ने अपनी लगन और मेहनत के दम पर यह महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है।

### बरघाट पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी।** दिनांक 10/05/2026 को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि घटना दिनांक को दिन में अपहता की माँ घर में सो रही थी। उठकर देखने पर अपहता घर पर नहीं मिली। आसपास एवं रिश्तेदारी में तलाश करने पर भी पता नहीं चला। आशंका जताई गई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 137(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया।
घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी बरघाट को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ललित गठरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मोहनीश बैस के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा तकनीकी माध्यम से तलाश पतासाजी की गई। दिनांक 12/06/2026 को अपहता को ओमकार नगर, थाना अंजनी, जिला नागपुर से आरोपी ओम किनाके के कब्जे से दस्तयाब किया गया। अपहता एवं आरोपी को थाने लाया गया। महिला अधिकारी द्वारा पूछताछ में अपहता ने बताया कि आरोपी ओम किनाके द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाकर गलत कार्य किया गया।
प्रकरण में धारा 65(1) बीएनएस एवं 3, 4 पॉक्सो एक्ट बढ़ाई गई। आरोपी ओम पिता अनिल किनाके, उम्र 20 वर्ष, निवासी प्लॉट नं. 88, ओमकार नगर, थाना अंजनी, जिला नागपुर, महाराष्ट्र को विधिवत गिरफ्तार किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री ललित गठरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मोहनीश बैस, सउनि. लुपेश राहंगडाले, सउनि देवेंद्र जायसवाल(साइबर सेल)आर. उलेश कटरे एवं महिला आरक्षक मालती डहेरिया का विशेष योगदान रहा।

## केवलारी जनपद में तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय जनकल्याण शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

जनपद पंचायत केवलारी में आमजनों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ सरलता से उपलब्ध कराने और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार विकासखंड केवलारी में तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 13 जून 2026 से 15 जून 2026 तक कार्यालय प्रांगण, जनपद पंचायत केवलारी में, जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी प्रांजल पाठक ने बताया की विभागीय स्टॉल और आवेदनों की स्थिति शिविर में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए हैं, जहाँ नागरिकों को कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

## कान्हीवाड़ा में सडक़ पर खड़े वाहनों से बढ़ी परेशानी, आमजन परेशान, कार्रवाई की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कान्हीवाड़ा ।**





कान्हीवाड़ा बस स्टैंड से स्टेशन रोड तक मुख्य मार्ग पर वाहनों के अव्यवस्थित खड़े होने से यातायात बाधित होने और दुर्घटनाओं की आशंका बढने को लेकर स्थानीय निवासी सतीश राव गाडेकर ने थाना प्रभारी कान्हीवाड़ा को शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।
शिकायत में बताया गया है कि बस स्टैंड से स्टेशन रोड तक के मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन सडक़ के दोनों ओर चारपहिया वाहनों के खड़े होने से जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। इससे आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है।
शिकायतकर्ता के अनुसार, 7 जून 2026 को उनके 6 वर्षीय भतीजे कार्तिक के साथ एक दुर्घटना हुई। बताया गया कि घर के सामने चौराहे पर कुछ वाहनों के सडक़ पर खड़े होने से यातायात बाधित था। इसी दौरान एक दोपहिया वाहन अनियंत्रित होकर बच्चे से टकरा गया, जिससे वह घायल हो गया। बाद में उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया।
शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कुछ व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सामने ग्राहकों के बड़े वाहन लंबे समय तक सडक़ पर खड़े रहते हैं, जिससे मार्ग संकरा हो जाता है और जाम की स्थिति बनती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से सडक़ पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि मामले का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी अप्रिय घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और आमजन को सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था मिल सके।

## श्री श्याम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** श्री श्याम परिवार समिति, सिवनी द्वारा नागपुर रोड स्थित ऑरेंज सिटी कॉलोनी में नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर के तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत सोमवार, 15 जून 2026 को विभिन्न वैदिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है। समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 8 बजे गणेश-गौरी पूजन के साथ सभी देवी-देवताओं का आह्वान किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 11 बजे जलाधिवास एवं सुगंधिवास की पावन विधियां संपन्न होंगी। दोपहर 2 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन आयोजित किया जाएगा।
दोपहर 4 बजे श्री राम मंदिर सुंदरकांड समिति द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा, जिसमें भक्तजन श्रीराम भक्ति रस में सराबोर होंगे। इसके बाद शाम 6.30 बजे पुष्पाधिवास की विशेष पूजा संपन्न होगी।
संध्या 7 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक मोनू अग्रवाल, शैलू अग्रवाल, उमंग शर्मा, साहिल बघेल, कु.अनुशिखा अग्रवाल एवं मयंक मयूर बिंदल (डोंगरगढ़) अपनी मधुर प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर भव्य श्रृंगार, भव्य दरबार एवं श्याम रसोई की विशेष व्यवस्था भी रहेगी। समिति ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं एवं अतिथियों के लिए आवास की व्यवस्था की गई है। आवास हेतु पूर्व जानकारी देकर अपना स्थान सुरक्षित कराने का आग्रह किया गया है। श्री श्याम परिवार समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में परिवार सहित उपस्थित होकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

## केवलारी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 11 जुआरी गिरफ्तार, 11.05 लाख का मशरूका जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सिवनी के निर्देशन में जुआरियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत केवलारी एवं नैनपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 आरोपियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नगदी, वाहन, मोबाइल फोन सहित कुल 11 लाख 5 हजार 240 रुपये मूल्य का मशरूका जब्त किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 13 जून 2026 की रात्रि लगभग 4:15 बजे मुखबिर की सूचना पर थाना केवलारी एवं थाना नैनपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से थाना केवलारी क्षेत्र के ग्राम किमाची स्थित चौकी छींदा के पास थावर नदी के सरहदी क्षेत्र में पोहप लाल साहू के खेत में दबिश दी। यहां 52 ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में नरेन्द्र रैकवार, आशीष ठाकुर, आशीष यादव, ब्रजेश भलावी, सीताराम ठाकुर, अनिल नंदा, नीरज सोनी, जयप्रकाश चक्रवर्ती, अरविंद भलावी, शेख रिजवान उर्फ गोलू खान तथा जय चारोली शामिल हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी शेख रिजवान उर्फ गोलू खान ने बताया कि धर्मेन्द्र ठाकुर द्वारा जुआ खिलाने के लिए प्रेरित किया जाता था तथा खिलाडिय़ों से 'नाल' काटकर अवैध धन अर्जित किया जाता था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 52 ताश के पत्ते, 1 लाख 13 हजार 240 रुपये नगद, 15 मोबाइल फोन, एक टवेरा वाहन, पांच दोपहिया वाहन, एलईडी लाइट, बैटरी, वायर, तिरपाल एवं दरी सहित कुल 11.05 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया। सभी आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में निरीक्षक प्रीतम सिंह तिलागाम, देवीसिंह रघुवंशी, संजय देवगड़े, दुर्गेश पटेल, एसडीओपी नैनपुर मनीष राज एवं थाना नैनपुर पुलिस बल की सराहनीय भूमिका रही।

## घर में सो रहे व्यक्तियों के कमरे का दरवाजा लॉक कर घर में गंजी में रखा दही पिया और करोड़ों रूपये के जेवरात ले उड़े अज्ञात चोर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।**



तहसील केवलारी क्षेत्र में आने वाले थाना एवं पुलिस चौकी में पुलिस बलो की कमी है केवलारी थाना क्षेत्र में लगातार आपराधिक प्रकरण में वृद्धि हो रही है। बाहर से आये लोग घूम-घूम कर छोटा बड़ा व्यापार करते और मजदूर वर्ग के लोगो में पेठ बनाकर रेकी करते हुए चोरी सहित अन्य वारदातो अंजाम देकर रातो राते पुलिस की पड़ से दूर चले जाते है। चोरो ने पहले ताला तोड़ा दही खाया, बिल सहित जेवरात लेकर चले गये।
नगर केवलारी में चोरी की वारदातो की यह पहली घटना नहीं है, पहले भी इसी तरह की घटना कारित हो चुकी है। रविवार की रात्रि 12 बजे से 3 बजे के बीच नगर केवलारी के बिनेकी रोड छोटे रेलवे ब्रिज के पास स्थित मकान में धावा बोलकर करोड़ो रूपये के जेवरात चुराकर अज्ञात चोर फरार हो गये। दोपहर 12 बजे करीब अभय तिवारी पिता अशोक तिवारी ने बताया कि, आज रात्रि के हम लोग घर मे सोए हुए थे. अज्ञात चोर पीछे के दरवाजे से घर में प्रवेश हुए और हम लोग जिस कमरे में सो रहे वहां के दरवाजा का लॉक कर, गोदरेज आलमारी के अन्दर थैला में रखे 42 तोला सोना एवं 4 किलो चांद के जेवरातो का बिल सहित निकाल, पीछे बाड़ी में ले गये वहां, जेवरातो को डिब्बे से निकाला। साथ ही घर में रखा गंजी का दही पिया और पूरे जेवरात लेकर अज्ञात चोर फरार हो गये। जिसकी मेरे द्वारा सूचना थाना केवलारी को दी गई। घटना स्थल में एसडीओ आशिष भंराडे, टी आई प्रीतम सिंह तिलगाम, एस आई विक्की धुर्वे मय स्टाप एवं डाग स्काट टीम के साथ पहुंचकर पुलिस टीम जांच में जुटी। फिल हाल यह कहना मुश्किल है कि कितने चोरो ने चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। बताया गया कि तकनीकी साक्ष्य एकत्रित करने के लिए, तकनीकी अधिकारीयों को लेख किया गया है।

### शासन की योजनाओं का लाभ लेने नागरिकों से सहभागिता की अपील

## आज छपारा एवं धनौरा में लगेंगे जनकल्याण शिविर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

जिले में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकासखंड स्तर पर जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 15 जून से छपारा एवं धनौरा जनपद पंचायत प्रांगण में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर प्रारंभ होंगे, जो 17 जून तक संचालित रहेंगे।
कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन में आयोजित इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाएगा तथा आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान के लिए विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविरों में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, खाद्य, श्रम सहित अन्य विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। आगामी चरण में कुरई एवं सिवनी विकासखंड मुख्यालयों में 16 जून से 18 जून 2026 तक जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। सभी शिविर संबंधित जनपद पंचायत प्रांगण में संपन्न होंगे।
कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को अधिकतम लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित ये शिविर आमजन और प्रशासन के बीच प्रभावी संवाद का माध्यम बन रहे हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में आयोजित जनकल्याण शिविरों में पहुंचकर शासन की योजनाओं, सेवाओं एवं सुविधाओं का लाभ प्राप्त करें तथा अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करें।

### उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक के अवैध विक्रय पर एफआईआर दर्ज

सिवनी.। मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना एवं उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में कृषि आदानों के अवैध विक्रय के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम सिलघाट में उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक के अवैध विक्रय के मामले में थाना बरघाट में एफआईआर दर्ज कराई गई है। विभाग को शिकायत प्राप्त हुई थी कि ग्राम सिलघाट में किसानों के घर-घर जाकर बीज एवं उर्वरकों का विक्रय किया जा रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर गठित जिला स्तरीय गुणवत्ता नियंत्रण दल, जिसमें सहायक संचालक कृषि पवन कुमार कौरव, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बरघाट मेघदूत परते, जिला परामर्शदाता मुकेश मीणा एवं कृषि विस्तार अधिकारी संजय कुमार चौहान शामिल थे, ने मौके पर पहुंचकर जांच की। निरीक्षण के दौरान ग्राम सिलघाट निवासी कृषक महासिंह भलावी के घर पर दानेदार जैविक खाद, धान बीज, ह्यूमिक एसिड तथा कीटनाशक पाए गए। पूछताछ में कृषकों ने बताया कि उक्त सामग्री का विक्रय दिलीप भगत नामक व्यक्ति द्वारा घर-घर जाकर किया जा रहा है, जो जिला बालाघाट का निवासी है।

## नगर परिषद की निष्क्रियता के चलते लोग हो रहे परेशान



छपारा। नगर परिषद छपारा के महावीर वार्ड झंडा चौक एवं मिशन स्कूल के सामने सडक़ मार्ग का सुधार नहीं होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही हैं साथ ही दुर्घटना का अंदेशा भी बना हुआ है।
ज्ञात हो कि शनिवार दोपहर को नगर के महावीर वार्ड क्षेत्र पुराने बाजार अंतर्गत मुख्य मार्ग पर कुछ ऐसा नजारा देखने को मिला कि जिससे जनता में दबा हुआ आक्रोश बाहर आ गया बताया जाता है कि शनिवार दोपहर को जब एक तिपहिया वाहन इस महावीर वार्ड अंतर्गत तिराहे से गुजर रहा था किंतु सडक़ का ऊंचा नीचा होना उसके लिए घातक साबित हो गया और उक्त ऑटो के आगे का पहिया हवा में लटक गया और वह दुर्घटना ग्रस्त होते होते बच गया वहीं तत्काल आसपास के दुकानदारो ने दौडक़र चालक को निकाला साथ उक्त ऑटो को सीधा किया। इसके बाद सडक़ पर स्थानीय लोगों का आक्रोश बढ़ गया और वार्ड पार्षद जो कि परिषद में सभापति भी है धर्मेंद्र जैन को जमकर कोसा वहीं लोगों ने बताया कि नगर परिषद छपारा के अधिकारियों को बार बार बोलने के बाद भी इस तिराहे की रोड को सही नहीं कर पाना और किसी दुर्घटना का इंतजार करना कही से सही नहीं है, बो तो शुक्र है कि कोई जनहानि नहीं हुई है।
मिशन स्कूल के समाने भी नहीं हुआ सुधार कार्य
वहीं नगर परिषद क्षेत्र के भगत वॉर्ड अंतर्गत मिशन स्कूल के समाने भी इसी तरह सडक़ मार्ग ऊपर नीचे हैं जहां पर भी आए दिन वाहन चालक परेशान होते है जिसकी पूर्व में समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित की गई थी किंतु इसके बाद भी नगर परिषद की निष्क्रियता के चलते वर्तमान में भी इस मार्ग का सुधार कार्य नही किया गया, जबकि कुछ दिनों बाद स्कूल खुलने वाले है जहां से प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली बच्चों सहित लोगों का रात दिन आवागमन रहता है इसके बाद भी नगर परिषद का ध्यान नहीं देना उसकी निष्क्रियता को दर्शाता हैं। जनहित में लोगों ने नगर परिषद एवं उक्त वार्ड के पार्षद को इस और शीघ्र ध्यान देकर इस समस्या का समाधान करने की अपील कि है।

## रसायनों की कमी के चलते अधिकांश मशीन बंद, उपसंचालक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले की पशु चिकित्सा प्रयोगशाला में जांच सुविधाएं प्रभावित होने की शिकायतों के बाद उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. घनश्याम परते ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई जांच मशीनें उपयोग में न होकर ढंकी हुई मिलीं।



डॉ. परते ने बताया कि लिवर फंक्शन टेस्ट और यूरिन एनालिसिस जैसी महत्वपूर्ण जांचों के लिए उपयोग होने वाली मशीनें आवश्यक रिएजेंट्स और रसायनों की कमी के कारण संचालित नहीं हो पा रही थीं। इसके चलते कई जांच सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

निरीक्षण के बाद लैब प्रभारी डॉ. दीप्ति कावड़े को आवश्यक सामग्री की मांग तत्काल भेजने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग का उद्देश्य मशीनों को जल्द चालू कर पशुपालकों को नियमित जांच सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

डॉ. परते ने कहा कि आधुनिक जांच उपकरणों का नियमित उपयोग पशुओं में होने वाली बीमारियों के सटीक निदान के लिए जरूरी है। समय पर जांच होने से उपचार में सुविधा मिलेगी और पशुपालकों को उचित सलाह व चिकित्सा उपलब्ध हो सकेगी।

जिला पशु चिकित्सा प्रयोगशाला जिले की एकमात्र ऐसी प्रयोगशाला है, जहां पशुओं से संबंधित विभिन्न नमूनों की जांच की जाती है। पशु रोगों की पहचान और नियंत्रण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। विभागीय पहल के बाद किसानों और पशुपालकों को उम्मीद है कि प्रयोगशाला की सेवाएं जल्द बेहतर होंगी और जांच सुविधाएं सुचारु रूप से शुरू हो सकेंगी।

### हत्या के मुख्य आरोपी सहित षड्यंत्र में शामिल पिता एवं भाई गिरफ्तार

## बैहर पुलिस द्वारा सनसनीखेज हत्या का खुलासा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के बैहर स्थित मोदीनगर में शुक्रवार को महिला की हत्या का मामला सामने आया था। बैहर पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी कृष्ण उर्फ गणेश शिवालिया (28) को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने आरोपी के पिता बुधराम शिवालिया और भाई बलराम शिवालिया को भी सबूत नष्ट करने और आरोपी को फरार होने में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को इस मामले की जानकारी मीडिया से साझा की।

बैहर एसडीओपी अरविंद शाह ने बताया कि आरोपी कृष्ण उर्फ गणेश शिवालिया का मृतका सविता



धुर्वे के साथ पिछले ढाई साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पिछले साल महिला के कारण गणेश की शादी टूट गई थी। इसके बाद से वह महिला से पीछा छुड़ाना चाहता था और इसी वजह से उसने उसकी हत्या कर दी।

मृतक के परिजनों ने पुलिस पूछताछ में गणेश पर सविता धुर्वे की हत्या का संदेह जताया था। जांच के बाद पुलिस ने इस हत्याकांड का पर्दाफाश किया। हत्या के बाद आरोपी को उसके गांव कोहका ले जाने और उसके खून से सने कपड़े जलाकर सबूत मिटाने के आरोप में गणेश के पिता और भाई को भी सह-आरोपी बनाया गया है।

पुलिस जांच से पता चला है कि आरोपी रात करीब 8:30 से 9 बजे के बीच महिला के घर पहुंचा था। वे लगभग छह घंटे तक साथ रहे। इसके बाद, रात करीब 3 बजे गणेश ने सविता धुर्वे का मुंह दबाकर धारदार कटर से गला रेतकर हत्या कर दी। यह कटर वह अपने साथ उस फ्रूट्स कंपनी से लाया था, जहां वह काम करता था। हत्या के बाद वह कुछ देर तक शव के पास रहा और फिर अपने गांव कोहका चला गया।

## नगारची समाज का सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज लामता।



14 जून को ग्राम नरसिंगा (लामता) में नगारची समाज सर्किल लामता का वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समाज के पढ़ाई करने वाले बच्चों को जिन्होने अच्छे अंको के साथ समाज में विशिष्ट स्थान प्राप्त किया उन्हें शील्ड और मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया / सम्मानित किए गए बच्चें नेहा हिवारे (दसवी) जयश्री हिवारे (दसवी), आशु पौडवाल (आठवी), राज बरले (आठवी)हैं। इस कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि के रूप में सेवकराम सिंहमारे जी द्वारा समाज के विषयों एवं बच्चों के उत्साहवर्धन में अपना उद्बोधन दिया गया।कार्यक्रम में सम्मिलित सामाजिक अतिथि एवं सदस्य प्रकाश हिवारे, सुमरत फांसे, रेखा सिंहमारे दशरथ पौडवाल, शिवप्रसाद पौडवाल, राजू हिवारे, महेश पौडवाल राजेश सोरले, गुरुप्रसाद हिवारे, नरेन्द्र हिवारे, हंसराम फांसे, संगीता बरले, सुरेन्द्र, केवल, सुकचन्द, दिनेश, परमानन्द प्रेमलान, दुरिचन्द, विनोद, मनीष, गोरेलाल सुकवन्ती पौडवाल सर्किल के सदस्य मौजूद रहें।

## बैहर की हरियाली और लक्ष्य हरित बैहर के प्रयासों पर कुठाराघात कर रहा है बैहर विद्युत विभाग

**हरिभूमि न्यूज बैहर।** विश्व व्यापी कोविड महामारी के दौरान ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए बैहर नगर के युवाओं ने सभी नगरवासियों, नगरपरिषद एवं स्थानीय प्रशासन के सहयोग से लक्ष्य हरित बैहर नाम का समूह बनाकर नगर को हराभरा बनाने की मुहिम चलाई थी जोकि सन 2020 से 2023 तक निरन्तर चली जिसके परिणामस्वरूप नगर के मुख्य मार्गो के दोनों तरफ एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलो में कुल 2100 वृक्ष लगाए गए थे जिसमें 99 प्रतिशत पौधे आज वृक्ष बनकर नगर की शोभा बढ़ा रहे है, नगरवासी एवं नगर से गुजरने वाले सभी टूरिस्ट जिसकी सुंदरता का आनंद लेते है ध्यानाकर्षित हो कि इस अभियान को सफल बनाने एवं प्रचार प्रसार में मीडिया का भी महत्वपूर्ण स्थान रहा था, स्थानीय प्रशासन द्वारा लक्ष्य हरित बैहर टीम को सम्मानित भी किया था परन्तु अपनी करनी से कुख्यात रहे विधुत विभाग को शायद यह पसंद नही आया और निकल पड़े उनके पर्यावरण के दुश्मन कुल्हाड़ी लेकर और इतनी बेरहमी से वृक्षों का कत्लेआम करना चालू किया कि नगरवासियों के आंखों से आंसू निकल गए, सभी के द्वारा लक्ष्य हरित बैहर की टीम के सदस्यों को कॉल करके शिकायत की जाने लगी जिसके आधार पर टीम के सदस्यों ने विधुत मंडल कार्यालय के अधिकारियों से जाकर निवेदन किया कि यदि वृक्ष की शाखा बिजली के तारो से टच हो रही है तो उक्त शाखाओं को छांट दिया जाए पर पूरा पेड़ ना काटा जाए पर उनकी बात सुनने की अपेक्षा अधिकारी अपनी धौस दिखाते हुए शासकीय कार्य मे बाधा करने की बात करके धमकी देने लगे, ज्ञात हो कि विधुत विभाग बैहर के लकड़हारे वृक्षों को जड़ से काट रहे है यह कहा तक उचित है विचारणीय है, प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से लक्ष्य हरित बैहर की टीम के सदस्यों ने स्थानीय प्रशासन से वृक्षों के उक्त कत्लेआम पर रोक लगाने एवं जितने वृक्ष विधुत विभाग द्वारा काटे गए है उस पर जुर्माना लगाकर उसके एवज में 10 गुना वृक्ष लगाने एवं उनकी सुरक्षा प्रदान करने हेतु निर्देशक करने की अपील करते है।



## संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हुआ ब्लाक स्तरीय सम्मेलन

### गांव- गांव संगठन मजबूत करने पर दिया जोर



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** किरनापुर के राणा हनुमानसिंह कालेज के सभागार में ब्लॉक के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई कार्यक्रम के प्रारंभ में महात्मा गांधी जी की व स्व.लिखीराम कावरे के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर अतिथियो का स्वागत समारोह किया गया।जिसमें संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।यह कार्यक्रम पूर्व विधायक श्रीमती पुष्पलता लिखीराम कावरे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष समद खान संगठन सृजन अभियान के जिला पर्यवेक्षक भी मौजूद रहे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भाई यूसुफ पटेल बैठक में संगठन सृजन अभियान के उद्देश्यों और अब तक हुए कार्यो की समीक्षा की गई। पार्टी पदाधिकारियों ने अभियान के तहत चलाए जा रहे जनसंपर्क और सदस्यता अभियान की जानकारी साझा की।इस दौरान बताया गया कि अभियान के माध्यम से अब तक करीब 300 लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़ चुके हैं। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मीरा राधेश्याम सिंघनधूपे ,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चेतना अजय कुराहे, सम्माननीय मुकेशकुमार जोशी पूर्व निज सहायक, मुकेश सिंह चौहान जनपद पंचायत सदस्य व जिला बस एसोसिएशन अध्यक्ष, लक्ष्मण सिंह कुराहे पूर्व जल उपभोक्ता सदस्य,जिला पंचायत सदस्य सुश्री डाली कावरे, हिम्मत लाल गडवंशी पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम लोगों की आवाज बनकर कार्य करती रही है। संगठन सृजन अभियान के जरिए पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत किया जा रहा है, ताकि आम जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।

### बैगा जनजाति बहुल ग्राम पंड्रापानी में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित

**बालाघाट।** बिरसा विकासखंड की ग्राम पंचायत जैरासी अंतर्गत बैगा जनजाति बहुल ग्राम पंड्रापानी में आज 14 जून को जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण हेतु विभिन्न विभागों द्वारा जानकारी एवं सेवाएं प्रदान की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगत नेताम उपस्थित रहे। उनके साथ ग्राम पंचायत जैरासी के सरपंच ने किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं से लाभान्वित किया। इस अवसर पर कृषक श्री मुंगेल सिंह एवं श्री महेंद्र सिंह उईके को अरहर की उन्नत किस्म भीमा के बीज वितरित किए गए। शिविर में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को खरीफ सीजन की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों को डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) पद्धति से धान की बुवाई के लाभों के बारे में बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि डीएसआर तकनीक अपनाने से पानी, श्रम एवं लागत की बचत होती है तथा समय पर बुवाई कर बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही किसानों को नरवाई प्रबंधन के महत्व से अवगत कराया गया। उन्हें फसल अवशेषों को जलाने के बजाय खेत में ही वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करने की सलाह दी गई, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहती है और पर्यावरण संरक्षण में भी सहायता मिलती है। किसानों को प्राकृतिक खेती, उन्नत कृषि तकनीकों तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, किसान, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

### कार चालक अस्पताल में गलत नंबर दर्ज कराकर हुआ फरार

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी क्षेत्र में सड़क हादसों के साथ साथ मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाला एक मामला सामने आया है। नगर के व्यस्ततम मार्ग जय स्तंभ चौक के समीप एक तेज रफ्तार कार ने शनिवार को बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।दुर्घटना के बाद कार चालक घायल को अस्पताल तो लेकर पहुंचा, लेकिन वहां चालाकी दिखाते हुए अपना गलत मोबाइल नंबर दर्ज कराकर रफूचक्कर हो गया। अब पीड़ित परिवार न्याय के लिए भटक रहा है। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत कोस्ते निवासी 47 वर्षीय देवी प्रसाद राणा किसी निजी काम से और गमछा खरीदने के लिए अपने दोपहिया वाहन से वारासिवनी नगर आए हुए थे। देर शाम जब वे अपना काम निपटाकर वापस अपने गांव कोस्ते लौट रहे थे, तभी जय स्तंभ चौक के पास विपरीत दिशा से आ रही एक अनियंत्रित कार के चालक ने उनकी बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि देवी प्रसाद राणा सड़क पर दूर जा गिरे। इस सड़क दुर्घटना में देवी प्रसाद राणा के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद को घिरता देख कार चालक ने तत्परता दिखाई और घायल देवी प्रसाद को अपनी कार में बैठाकर शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी लेकर पहुंचा, जहां उन्हें भर्ती कराया गया। अस्पताल पहुंचने पर प्राथमिक औपचारिकताएं पूरी करते समय कार चालक ने अस्पताल के रिकॉर्ड में अपना जो मोबाइल नंबर दर्ज कराया, वह गलत निकला। प्राथमिक उपचार के बाद घायल देवी प्रसाद के परिजनों ने कार चालक से संपर्क करने की कोशिश की, तो दिया गया नंबर बंद या गलत बताया गया। चालक की इस धोखाधड़ी के कारण पीड़ित परिवार को भारी मानसिक और व्यावहारिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



## जिले में बढ़ रहा डीएसआर तकनीक का दायरा, सुपर सीडर से किसानों ने शुरू की धान की बुवाई

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को अपनाने की दिशा में किसानों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही विभिन्न विकासखंडों में किसानों ने डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) पद्धति एवं सुपर सीडर मशीन के माध्यम से धान की बुवाई शुरू कर दी है। यह तकनीक न केवल श्रम और लागत में कमी लाती है, बल्कि जल संरक्षण एवं फसल अवशेष प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जिले के विभिन्न विकासखंडों में किसानों द्वारा आधुनिक कृषि यंत्रों और वैज्ञानिक खेती पद्धतियों को अपनाते हुए धान की बुवाई की जा रही है। इसी क्रम में कटंगी विकासखंड के ग्राम बोपली के कृषक झक्कुलाल रहांगडाले ने अपने 7 एकड़ खेत में सुपर सीडर मशीन के माध्यम से धान की बुवाई की है। इसी प्रकार बिरसा विकासखंड के ग्राम डोंगरिया में कृषक भागचंद पटले के खेत में लगभग 3 एकड़ क्षेत्र में डीएसआर पद्धति से सुपर सीडर द्वारा धान की बोनी की गई। वहीं लांजी विकासखंड के ग्राम धनोरा में भी किसानों ने सुपर सीडर मशीन का उपयोग करते हुए डीएसआर तकनीक से धान की बुवाई कर आधुनिक खेती की दिशा में कदम बढ़ाया है। बालाघाट विकासखंड के ग्राम सालेटेका के कृषक मेघराज रहांगडाले ने परंपरागत खेती और आधुनिक तकनीक का सफल समन्वय प्रस्तुत किया है। उन्होंने सरसों फसल के अवशेषों को जलाने के बजाय खेत में संरक्षित रखते हुए डीएसआर सुपर सीडर मशीन से धान की बुवाई की।

## स्वर्ण पदक से सहायक प्राध्यापक तक का सफर: सुशीला वरकड़े बनीं बेटियों के लिए प्रेरणा

### ग्रामीण अंचल की प्रतिभा ने मेहनत और लगन से हासिल की सफलता, शिक्षा को बताया आत्मनिर्भरता की कुंजी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दृढ़ संकल्प, निरंतर परिश्रम और शिक्षा के प्रति समर्पण से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस बात को लांजी क्षेत्र के ग्राम बकरामुंडी की प्रतिभाशाली बेटी सुशीला वरकड़े ने सच साबित कर दिखाया है। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2024 में उनका चयन भूगोल विषय के सहायक प्राध्यापक पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों, गुरुजनों और पूरे जिले में खुशी का माहौल है।



सुशीला की सफलता केवल एक प्रतियोगी परीक्षा में चयन की कहानी नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए संघर्ष, आत्मविश्वास और शिक्षा की शक्ति का प्रेरणादायक उदाहरण भी है। सीमित संसाधनों के बीच आगे बढ़ते हुए उन्होंने अपने सपनों को साकार किया और यह साबित कर दिया कि मेहनत के सामने परिस्थितियां छोटी पड़ जाती हैं।

स्वर्ण पदक से मिली नई प्रेरणा

सुशीला वरकड़े ने वर्ष 2020-21 में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी शुरू की। उन्होंने एमपीपीएससी की प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा में भी भाग लिया और लगातार अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती रहीं। इसी दौरान वर्ष 2023 में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा स्नातकोत्तर स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

यह उपलब्धि उनके जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई। स्वर्ण पदक मिलने के बाद भूगोल विषय के प्रति उनकी रुचि और अधिक बढ़ी तथा उन्होंने इसी क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का निर्णय लिया। वर्ष 2024 में उन्होंने यूजीसी-नेट और एमपी-सेट परीक्षाएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कीं। इसके बाद उन्होंने एमपीपीएससी सहायक प्राध्यापक परीक्षा में सफलता प्राप्त कर भूगोल विषय में सहायक प्राध्यापक पद हासिल किया।

### सफलता के पीछे परिवार और गुरुजनों का योगदान

सुशीला अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, महाविद्यालयीन गुरुजनों, भूगोल विषय के शिक्षक आर.आर. टिकेश्वर, मित्रों तथा पाथ फाइंडर इंस्टीट्यूशन, बालाघाट के संस्थापक मनीष को देती हैं। उनका कहना है कि कठिन समय में इन सभी का मार्गदर्शन, सहयोग और विश्वास उनके लिए प्रेरणा का स्रोत बना।

वे बताती हैं कि उनके माता-पिता भले ही उच्च शिक्षित नहीं हैं, लेकिन उन्होंने शिक्षा के महत्व को समझते हुए हमेशा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके माता-पिता का सपना था कि उनकी बेटियां आत्मनिर्भर बनें, अपने पैरों पर खड़ी हों और समाज में अपनी अलग पहचान स्थापित करें।

अपनी सफलता के बाद सुशीला ने विशेष रूप से ग्रामीण अंचल की बेटियों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए कहा कि ₹शिक्षा जीवन में बदलाव की सबसे बड़ी शक्ति है। बेटियों को बड़े सपने देखने चाहिए और उन्हें पूरा करने के लिए पूरी लगन और मेहनत से प्रयास करना चाहिए। असफलताओं से घबराने के बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए।₹ उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी कभी भी सफलता के मार्ग में बाधा नहीं बन सकती, यदि व्यक्ति के भीतर आगे बढ़ने का जज्बा हो। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बेटियों को बोझ नहीं, बल्कि परिवार और समाज की शक्ति समझें तथा उन्हें शिक्षा और आत्मनिर्भरता के अवसर प्रदान करें।

सहायक प्राध्यापक पद पर चयनित होने के बाद सुशीला वरकड़े का लक्ष्य केवल अध्यापन तक सीमित नहीं है। उनका कहना है कि वे शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए अधिक से अधिक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करना चाहती हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं भी अपने सपनों को साकार कर सकें। सुशीला की यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए गौरव का विषय है, बल्कि बालाघाट जिले की उन हजारों बेटियों के लिए भी प्रेरणा है जो शिक्षा और मेहनत के दम पर अपने भविष्य को नई दिशा देना चाहती हैं। उनकी उपलब्धि यह संदेश देती है कि यदि संकल्प मजबूत हो तो सफलता की मंजिल दूर नहीं होती।

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
रोजगार हेतु नियमित केम्पस
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
स्वामी विवेकानन्द प्रा. I.T.I.
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832

ओरिएण्टल इंजीनियरिंग कॉलेज लालबर्रा (बालाघाट)
B.Tech
+ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
+ सिविल इंजीनियरिंग
+ मैकेनिकल इंजीनियरिंग
+ कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
Polytechnic
+ माइनिंग एंड माइन सर्वेइंग
+ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
+ सिविल इंजीनियरिंग
+ मैकेनिकल इंजीनियरिंग
+ कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
Balaghat Road Lalburra,Teh, Lalburra, Dist. Balaghat M.P. 9202131331, 9202121331

DGET/NCVT/ से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
जिले की एक मात्र ISO-9001-2008 प्रमाणित संस्था
अरिहंत प्रा.आई.टी.आई.
लालबर्रा रोड वार्ड बालाघाट फोन 6263882617, 9425875737
- ट्रेड -
इलेक्ट्रीशियन
फिटर
अरिहंत इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर्स & आई.
फोन - 7999525911, 9425892823
BCA
M.Sc.(CS)
DCA
PGDCA
विशेषताएं:-

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time/Full Time
PHARMACY
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agri) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM
LAW • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) 9174192111, 9174202111